खबर संक्षेप

### पुलिस कर्मचारियों को दी गई नवीन भारती कानून की जानकारी



**मैहर।** जिले के समस्त थानों के हेड कांस्टेबल मुंशी और सीसीटीएनएस ऑपरेटर्स को पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर में नवीन भारतीय कानून के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर कुमार अग्रवाल के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर में नवीन अपराधिक अधिनियम 2023(भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम) के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में जिला मैहर के सभी थाना में हेड मोहर्रिर एवं सीसीटीएनएस में काम कर रहे कर्मचारी शामिल हुए। एफआईआर लेखन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है ऐसे में इन्हे नवीन भारतीय कानून एवं उसके सही क्रियान्वयन की जानकारी होना आवश्यक है। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक मैहर के द्वारा सी सी टी एन एस ऑपरेटर्स को ई एफआईआर से संबंधित दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य उपस्थित रहे।

### बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित



**मैहर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड मैहर जिला मैहर कार्यालय में बीज वितरण और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मैहर जिले के विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने किसानों को केंद्र परिवर्तित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के महत्व और राइस ग्राम प्रदर्शन की जानकारी दी गई। किसानों को उत्तम खेती मध्यम बान,अधम चाकरी दोहे के माध्यम से उन्नत खेती करने की सलाह दी गई। प्रदर्शन के लिए चयनित किसानों को विधायक ने बीज वितरण किया। इस मौके कृषि स्थाई समिति के सभापति दीपक सिंह बघेल,कृषि विस्तारक अधिकारी विष्णु कुमार त्रिपाठी,कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण काफी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे।

### इंदिरा कॉलेज परिसर में लगाए गए पौधे



**सतना।** अंकुरण तारु पर्यावरण संरक्षक संस्था ने अंकुरण सीमा अग्रवाल के नेतृत्व में अंकुरण रवि शंकर गौरी के मार्गदर्शन पर स्थानीय शासकीय इंदिरा कन्या महाविद्यालय में वृहद पौधारोपण किया।अंकुरण सौरभ ने बताया हमारी संस्था अंकुरण तरु लगातार वर्ष भर उचित स्थान पर उचित मौसम के अनुसार पौधारोपण करती है। इंदिरा कॉलेज में भी पौधारोपण की यही एक वजह थी।आज बढ़ते तापमान को और बढ़ते विकास को देखते हुए पौधारोपण के लिए सुरक्षित जगह होना बहुत ही आवश्यक है। पौधारोपण आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

### जिले में अब तक 47.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 28 जून तक 47.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू - अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 137.3 मि.मी.,सोहावल (रघुराजनगर) में 53.2 मि.मी.,बरौंधा (मझगवां) में 35.5 मि.मी,बिरसिंहपुर में 31 मि.मी.,रामपुर बाघेलान में 9 मि.मी.,नागौद में 65.3 मि.मी.,जसो (नागौद) में 14.8 मि.मी. एवं उचेहरा में 36 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत

**सतना।** शुक्रवार को जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में मार्ग काम किया है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सपोर्ट कर दिया गया पुलिस सभी घटनाओं की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक सितपुरा बस स्टैंड में एक बेलगाम ट्रक ने कुचल दिया। घटना के बाद यहां पर अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। इसी प्रकार सिंहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नोंगरा में बस से उतरत्ते ही एक व्यक्ति को बाईक सवार ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर हुए एक सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मझगवां थाना क्षेत्र के चितहरा मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त सत्यनारायण सिंह पिता सोहन सिंह निवासी तुर्रा थाना मझगवां सतना के रूप में की गई है। हादसे की सूचना मिलते ही मझगवां पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्ट मॉर्टम के लिए भेज दिया है। इसके अलावा सतना उचेहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नागौद-उचेहरा मार्ग पर धनेह के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक पलट गया। इस घटना में चालक को मामूली चोटें आई हैं। घायल का उपचार नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। चित्रकूट-मझगवां थाना क्षेत्र के चितहरा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार की मौके मौत हो गई।







### हैदराबाद में सड़क हादसे में मैहर और रीवा के साथ लोगों की जान गई

एक अन्य जानकारीके मुताबिक हैदराबाद में हुए एक हादसे में मैहर और रीवा के 7 लोगो की मौत हो गई। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए हैं। बताया जाता है कि सभी लोग मैहर और रीवा जिले के निवासी है। मैहर जिले से मृतकों में दो सगे भाई शामिल हैं। ये लोग बकरी लेकर व्यापार करने हैदराबाद मंडी जा रहे थे। तभी सड़क हादसे का शिकार हो गए।

# सुबह 9:45 से लेकर 10 बजे तक कलेक्ट्रेट भवन में अधिकांश दफ्तरों के नहीं खुले थे ताले

**सरकार ने सरकारी कार्यालय का समय सुबह 10 से शाम 6 तक किया, अधिकारियों और कर्मचारियों का वही पुराना रवैया**

**सतना।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी कार्यालय का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक किया गया है लेकिन सतना के धवारी मोड़ स्थित कलेक्ट्रेट भवन में जब हरिभूमि और आईएनएच की टीम सुबह 9:45 बजे कार्यालय पहुंची तो अधिकांश कार्यालयों में ताले लटक रहे थे। यही स्थिति 10 मिनट तक रही। कुछ कार्यालय के ताले खुल गए थे लेकिन अधिकांश कार्यालय में ताले लटक रहे थे। एक दो कर्मचारी नजर आए वहीं कलेक्ट्रेट परिसर में बाहर जहां पर अधिकारियों की गाड़ी खड़ी करने के लिए शेड बनाए गए हैं वह शेड भी सूना था। वहां पर भी बम मुश्किल 1-2 चार पहिया वाहन नजर आए और दो पहिया वाहनों की संख्या भी लगभग आधा दर्जन रही। महत्वपूर्ण बात यह है कि जब कर्मचारी समय से कार्यालय नहीं आएंगे तो लोगों का काम कैसे होगा देखना यह भी दिलचस्प होगा कि अधिकारी शाम 6 बजे तक अपनी सीट पर मौजूद रहते हैं कि नहीं। एक कर्मचारी ने कहा कि हम लोगों को रात 8 बजे तक रुकना पड़ता है।







# लाखों रुपए के गेहूं घोटाले के मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



### कोर्ट ने भेजा रिमांड पर,पूछताछ जारी,93 लाख रुपए का है घोटाला

**सतना।** लाखों रुपए के गेहूं घोटाले के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस अभी और भी जांच पड़ताल के साथ-साथ आरोपी से पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक थाना धारकुंडी के अपराध क्रमांक 61/24 धारा 406,417,420,467,468,471,120बी आईपीसी एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 13 (1)(बी) एवं सहपठित धारा भ्रष्टाचार निवारण एवं संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 13 (2) में जायतमालबाबा महिला स्वसहायता समूह कारीगोही में हुए लगभग 93 लाख रु के गेहूं घोटाले के आरोपी शिवा सिंह पिता केवल प्रताप सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी कारिगोही को गिरफ्तार किया गया है।आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया है।आरोपी से प्रकरण में अग्रिम पूछताछ की जा रही है।

# ऊर्जा मंत्री ने किये मां शारदा देवी के दर्शन

**सतना।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मैहर प्रवास के दूसरे दिन शुक्रवार को मां शारदा देवी मंदिर में मां शारदा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी,संतोष सोनी एवं स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




### नवीन ट्रांसफार्मर की स्थापना के लिये किया भूमिपूजन

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रदुम्न सिंह तोमर ने मैहर जिले के ग्राम अमदरा में राजेश सिंह गौड़ के घर में रात्रि विश्राम करने के बाद शुक्रवार की सुबह ग्राम पंचायत अमदरा का भ्रमण किया। उन्होंने इस दौरान बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर और लाइन संधारण कार्य का निरीक्षण किया।अमदरा में 12 ट्रांसफार्मर लगे हैं और यहां 598 बिजली उपभोक्ता है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने गुरुवार की जन चैपाल में ग्रामीण जनों की मांग पर शुक्रवार को ही अमदरा में एक नए ट्रांसफार्मर का भूमिपूजन किया। उन्होंने भ्रमण के दौरान अमदरा के एक बिजली उपभोक्ता के घर बैठ कर चाय पी। मैहर जिले के प्रवास के दौरान मंत्री श्री तोमर ने स्थानीय जनों से सौजन्य भेंट भी की। इस दौरान मंत्री श्री तोमर अमदरा के पास नौगवां स्थित कश्मीर में आंतकी हमले में शहीद हुये एएसआई शंकर प्रसाद पटेल के घर भी पहुंचे। यहां पर उन्होने स्व.शंकर प्रसाद पटेल के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचाये

**सतना।** आकाशीय बिजली (वज्रपात) से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का पालन कर आकाशीय बिजली (वज्रपात) से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली (वज्रपात) से आउटडोर (घर के बाहर) बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों,औद्योगिक स्थानों,निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं।आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है। यह मानसून के पहले जून-जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं। ऊंची नुकीली संरचनाओं,पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। जारी निर्देश में कहा गया है कि धातु का मचान,धातु के उपकरण,पानी के पाइप या प्लम्बिंग,बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें।ऊंची अधोसंरचनाएं,पहाड़ी टेकरी,बिजली के खंभे,टेलीफोन के खंभे,ऊंचा पेड़,छत, मचान,धातु की सीढ़ी,बड़े मशीन जैसे बुलडोजर,क्रेन और ट्रेक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातुयुक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें।

### सुरक्षित संरचना,घर,कार्यस्थल पर सुरक्षात्मक अपनाये

बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें। बिजली का प्रवाह किसी भी दीवार,फर्श,इलेक्ट्रिकल सिस्टम,रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम तारों के माध्यम से हो सकता है। घर,कार्यालय में अर्थिंग सुनिश्चित करें। खुले हुए खिड़की,दरवाजे,धातु के पाइप इत्यादि के पास खड़े नहीं रहें। पानी के धातु पाइप से बिजली प्रवाहित हो सकती है। विभाग द्वारा चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय के लिए आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। पर्याप्त संख्या में औषधियाँ,सामग्री और पैरामेडिकल स्टॉफ का उन्मुखीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी शासकीय चिकित्सालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं एएनएम/सीएचओ के पास जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। बहु-उद्देशीय कार्यकर्ताओं,आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा पर्यवेक्षकों को स्थानीय स्तर पर आपात सेवा स्थापित करने के लिए तैयार रखा जाये। शासकीय अमले की सहायता के लिये स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों व पैरामेडिकल स्टॉफ को चिन्हित कर आपात स्थिति में उनकी सेवाएं प्राप्त करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं।

# वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन ने दर्ज की जीत, निकाला विजय जुलूस



**सतना।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे एपलाइज यूनियन (डब्ल्यू सीआरईयू) ने जबलपुर रेल मंडल के सतना में हुए ईसीसी डेलीगेट के चुनाव में इकतरफा जीत हासिल की है। उसके प्रत्याशियों के सामने प्रतिद्वंद्वी संगठन के प्रत्याशी टिक नहीं सके, जिसमें डब्ल्यू सीआरईयू सतना ने भारी मतों से चुनाव जीत कर लाल झंडा का परचम लहराया। इस चुनाव में भक्त वात्सल्य त्रिपाठी 796 किशोर कुमार को 794,सत्येन्द्र सिंह बघेल को 749, विष्णु कुशवाहा को 713 मत मिले। जबकि डब्ल्यू सीआरएमएस के पैनल में मुकेश मिश्रा ने 576, विकास कुमार ने 503 मनीष पांडेय ने 474 और पुनीत वर्मा ने 399 मत हासिल किए। वर्कर्स यूनियन में सचिन सिंह को 369 सौरभ सिंह को 354,संजीव पांडेय को 330,रामलाल को 328 और पीएमआरके पीके पैनल के मो.हाफिज को 50 मत मिले। एप्लाईज यूनियन के सक्रिय कार्यकर्ता व पदाधिकारी भतवत्सल त्रिपाठी,सतेंद्र सिंह बघेल,किशोर कुमार,विष्णु प्रसाद कुशवाहा,जिसमें डब्ल्यूयूसीआरईयू ने चुनाव में जीत हासिल की।इस जीत पर यूनियन के मंडल अध्यक्ष बीएन शुक्ला व मंडल सचिव रोमेश मिश्रा,पुष्पेन्द्र तिवारी, सुखनारायन शुक्ला,गुड्डु राजा,यादवेंद्र सिंह अशोक मिश्रा ने रेल कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया है,और इसे यूनियन के प्रति उनके विश्वास की जीत बताया है। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा है कि यूनियन हमेशा रेल कर्मचारियों की समस्याओं के निदान के लिए हर वक्त खडी है।

### बरसात के मौसम में पेड़ो के नीचे पशुओं को नहीं रखे कलेक्टर मैहर ने की अपील

**सतना।** बरसात के मौसम में गाज (तड़ति) गिरने से हो रही घटनाओं में पशुओं के जान माल की क्षति पर संवेदनशीलता बरतते हुए कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड ने बरसात के समय पेड़ों के नीचे शरण नहीं लेने की अपील जिले के नागरिकों से की है।उल्लेखनीय है कि विगत दिनों जिले के अमरपाटन तहसील में गाज गिरने से पेड़ के नीचे खड़ी बकरियों के मरने की घटनाएं हुई हैं। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से कहा है कि वे मौसम विभाग की गाज गिरने के कारणों एवं उससे बचाव के लिए जारी एडवाइजरी का पालन करें। बरसात के मौसम में बारिश से बचने पेड़ों के नीचे स्वयं भी नहीं खड़े हों और अपने पालतू पशुओं को भी खड़ा नहीं करें। ताकि बारिश के मौसम में होने वाली जन और पशु क्षति को रोका जा सके।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

मैहर जिले में ब्यूरो कार्यालय देना है
इच्छुक व्यक्ति सुरक्षानिधि के साथ संपर्क करें
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई जबलपुर
मोबा- 9340637789
9479623424

## खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक संपन्न अमानगंज



**अमानगंज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पन्ना की आगामी कार्यक्रम को लेकर के जिले की वृहद बैठक रखी गई जिसमे विभिन्न विषयों को लेकर के योजना बनाई गई। कार्यक्रम 9 जुलाई स्थापना दिवस, सदस्यता अभियान, नगर कार्यकारणी घोषणा, एक गांव एक तिरंगा अभियान एवं अन्य विषयोंपर वृहद चर्चा हुई और योजना बनाई गई। जिला बैठक में मुख्यरूप से जिला संगठन मंत्री ब्रिजेश सिंह, जिला संयोजक विक्रांत सिंह जी एवं प्रांत कार्यकारणी सदस्य प्रदीप शर्मा जी पन्ना भाग संयोजन अभय सिगदार गुनौर भाग संयोजन रोहित सिंह अमानगंज भाग संयोजन अंकित खटीक जी उपस्थित रहे साथ ही पूरे जिले से आए प्रमुख कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### कंकाली माता मंदिर बनौली में संपन्न हुई भारतीय जनता पार्टी की बैठक



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के समस्त मंडलों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन गुरुवार को पवई विधानसभा अंतर्गत आने वाले मां कंकाली माता मंदिर बनौली प्रांगण में आयोजित हुई,जिसमें आगामी 30 जून को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा की होने वाली आभार यात्रा के संबंध में रूपरेखा बनाई गई एवं सभी को यात्रा को सफल बनाने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा के द्वारा दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पवई विधायक प्रहलाद लोधी,लोकसभा प्रभारी सतानंद गौतम, जिला महा मंत्री दीपेंद्र सिंह,नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत अरुण चौरसिया सहित सभी मंडलों के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जनपद सदस्यों का परिवार कभी नहीं बिखर सकता, ठेकेदारों का षड्यंत्र कभी नहीं होगा कामयाब

**पन्ना।** बीते दो दिवस पूर्व कुछ जनपद सदस्यों द्वारा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर जनपद अध्यक्ष व जनपद के अधिकारियों पर मनमानी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए आवेदन पत्र सौपा गया था, जिसको लेकर गुरुवार को जनपद अध्यक्ष मोहिनी आनंद मिश्रा ने जनपद उपाध्यक्ष सहित पंद्रह जनपद सदस्यों के साथ एकजुटत दिखाई है। सर्वप्रथम जनपद उपाध्यक्ष कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया गया, इसके बाद जनपद अध्यक्ष मोहिनी आनंद मिश्रा ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर कहा कि हम सभी जनपद सदस्य एक परिवार की तरह हैं, ओर कभी विखर नही सकते है। जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के कार्यो में जो ठेकेदारी प्रथा 25 वर्षों से चली आ रही थी उसे मैंने बंद करवाया है, जिससे कुछ स्वार्थी ठेकेदार जिनकी अब दाल नहीं गल रही है ,और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ के कार्य सुचारू रूप से जमीनी स्तर पर चल रहे है उससे बौखला कर ठेकेदारों द्वारा मेरे कुछ जनपद सदस्यों को बहला फुसलाकर झूठ बताकर आवेदन दिया गया था, अब हमारे जनपद सदस्य सब एक साथ हैं और हमेशा रहेंगे। जनपद अध्यक्ष मोहिनी आनंद मिश्रा ने ठेकेदारों से खड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि मैं महिला अध्यक्ष हूं तो मुझे कमजोर समझने की भूल मत करना में जनपद अध्यक्ष पवई जनपद क्षेत्र का विकास करने के लिए बनी हूं।

## आपरेशन एवं मेंटेनेन्स टीम को सौंपा गया टूल किट

# कार्यपालन यंत्री ने टीम को मेंटेनेंस के बताये गुण, टूल किट उपयोग करने की दी जानकारी

पन्ना



समर्थन संस्था डब्ल्यू.एच.एच. के सहयोग से जल एवं स्वच्छता का कार्य जिले में कर रही है। पेयजल की निरंतरता को बनाये रखनें के लिये आपरेशन एवं मेंटेनेन्स टीम की आवश्यकता वर्षों से महसूस की जा रही थी, ग्राम पंचायतों के साथ लगातार काम करते हुये योजना के संचालन एवं संधारण से जुड़ी समस्याओं को देखा गया, पेयजल को बाधित होने में छोटे कृछोटे टूट कृफूट को महत्वपूर्ण कारक के रूप में देखे गये। जिला प्रशासन के साथ एवं पंचायतों के साथ अध्ययन में यह पाया गया कि ऐसी टीम की आवश्यकता है, जो पंचायतों को पेयजल निरंतरता में सहयोग कर सके, योजना के संचालन एवं संधारण में सहयोग कर सके। संस्था नें तकनीकी रूप से सक्षम व्यक्तियों की पहचान कर जिला स्तर पर 15 लोगों की एक टीम तैयार की जिसमें उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं बीना गोंड़ को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। टूल किट का वितरण एवं फील्ड आधारित प्रशिक्षण कृ आज लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री महेन्द्र सिंह एवं उपयंत्री अवस्थी जी के द्वारा टीम का उन्मुखीकरण किया गया। संस्था के द्वारा प्रदाय किट की बारीकियों को बताया गया साथ ही फील्ड में काम करते हुये सावधानी बरतने की भी बात कही। कार्यपालन यंत्री ने टीम को शुभकामनायें दिया और कहा कि युवा स्वयं आत्मनिर्भर बनें साथ में शिक्षा गृहण करते रहें एवं ग्राम पंचायत को जल एवं स्वच्छता पर सहयोग करें, जल मित्रों के कार्य की सराहना करते हुये सभी से जल जीवन मिशन के द्वारा गांव में किये जा रहे कार्य का फीडबैक लिया और आश्वासन दिया कि आप लोगों के द्वारा दिया गया सुझाव मेंरे लिये महत्वपूर्ण है। समर्थन संस्था के ज्ञानेन्द्र तिवारी ने आपरेशन एवं मेंटेनेन्स की आवश्यकता पर बात करते हुये पी.एच.ई. एवं प्रशासन से इस काम को पी.पी.टी. माडल के रूप में आगे ले जाने एवं सहयोग की अपेक्षा की। जल एवं स्वच्छता विशेषज्ञ आशीष विश्वास नें कहा कि जिले के लिये यह फोरम महत्वपूर्ण है, एवं पेयजल की निरंतरता के लिये सहायक है। पंचायत देवरी में फील्ड आधारित प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम पंचायत देवरी में जल एवं स्वच्छता विशेषज्ञ आशीस विश्वास के द्वारा टीम का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ब्लाक समन्वयक कमलचंद्र सेन सहित आपरेशन एवं मेंटेनेन्स फोरम के सभी सदस्य उपस्थित रहे।




# जिले में निकाली जाएगी सांसद मतदाता आभार यात्रा

**पन्ना।** खजुराहो लोकसभा से ऐतिहासिक जीत मिलने के बाद खजुराहो लोकसभा के सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष बी.डी. शर्मा जिले में कार्यकर्ताओं एवं जनता जनार्दन का आभार व्यक्त करने के लिए मतदाता आभार यात्रा निकालने जा रहे हैं। ज्ञात है कि खजुराहो लोकसभा की जनता ने अपने लाडले सांसद और विकास पुरुष कहे जाने वाले सांसद को लगभग साढे 5 लाख की प्रचंड जीत से संसद भवन पहुचाया है। इसलिए अपने कार्यकर्ताओं एवम मतदाताओं का आभार जताने के लिए सांसद बी.डी. शर्मा पन्ना विधानसभा में तारीख 29 को दिन शनिवार को सायं 4:00 बजे से गुनौर विधानसभा में तारीख 30 को रविवार 12:00 बजे से एवं तारीख 30 को ही शाम 4:00 बजे से पवई विधानसभा में यह यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा की तैयारी के संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री सदानंद गौतम ने संपूर्ण जिले के सभीमंडलों की बैठक लेकर तैयारियों का जायजा लिया। भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओं एवम जनता जनार्दन से सांसद मतदाता आभार यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

# विधायक गुनौर की कार्यप्रणाली इन दिनों चर्चा में

**गुनौर** विधायक डॉ. राजेश वर्मा जो युवा तेज तर्राट विधायक की कार्यशैली को लेकर जाने जाते है। वहीं दूसरी पारी में गुनौर विधानसभा में दायित्व विधायक को लेकर निभाने के लिए आम जनता ने उचित माना। वहीं विधायक भी इस बार विकास को लेकर अलख जगा रहे है। नगर पंचायत के वार्डों से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में जनपद स्तरीय बैठक में स्वयं भागीदारी करके विकास की इबारत को लेकर कुछ कर गुजरने की सोच विधायक डॉ. राजेश वर्मा की देखने में नजर आ रही।

पन्ना



जनप्रतिनिधि जमीनी स्तर पर जनता का ख्याल रखकर किस तरह से अपनी विधानसभा में विकास को लेकर सोच रखते है। यह देखने को मिल रहा है। गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा में जो गुनौर विधानसभा से दूसरी पारी में विधायक का दायित्व निभाने के लिए जनता ने चुना है। वहीं विधायक की सोच इसपारी में कुछ अलग ही नायाब नजर आती है। नगर पंचायत का क्षेत्र हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र विकास को लेकर स्वयं परख करते हुए कुछ करने के लिए तत्पर नजर आ रहे है। तभी तो गुनौर जनपद पंचायत की बैठक में शामिल होकर विकास के मामलों को ध्यान में रखकर जाने हालात। वहीं गुनौर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 9 में भ्रमण के दौरान दिनेश उपाध्याय जी जो एडवोकेट है वहीं बीजेपी के वरिष्ठ नेता पूर्व सरपंच भीखम रैकवार जी के यहां पहुंचे वार्ड वासियों की समस्याओं को सुनकर समाधान के लिए भी सीएमओ को निर्देशित किया। साथ में अत्योदय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक धर्मेन्द्र तिवारी वहीं पार्षद प्रतिनिधि सोनू पाठक भी साथ में नजर आये। वार्डवासियों की समस्याओं को उनके वार्ड में पहुंचकर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने समस्याओं के समाधान को लेकर जो सोच सामने लाई वह निश्चित ही आम आदमी के लिए उदाहरण बनर ही हैं। जनप्रतिनिधि की भूमिका को लेकर विधायक डॉ. राजेश वर्मा जो ग्रामीण क्षेत्र से लेकर नगरीय क्षेत्र में भी विकास को लेकर जिस तरह से जनता के बीच पहुंचकर स्वयं ही हालात जानते है वहीं आगे कुछ करने के लिए अपनी दिशा तय कर रहे है। जिससे गुनौर विधानसभा जिले में अलग ही जानी जायेगी। कर्म क्षेत्र से ही विधानसभा क्षेत्र का भविष्य तय किया जा रहा है।

# नशे को कहें ना, जीवन को कहें हां अब नहीं छोड़ोगे तो कभी नहीं छूटेगा कुछ पल का मजा, जीवन भर की सजा

### जगह-जगह नुक्कड़ सभा लगा कर दिया गया व्यसन मुक्ति संदेश






**पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर ब्रह्माकुमारीज़ विद्यालय पन्ना की ओर से रक्सेहा, जमुनहाई, बिलखुरा, उड़की आदि अनेक गांवों में नुक्कड़ सभा लगा कर व्यसनमुक्ति का संदेश दिया गया। ब्रह्माकुमारी बहन जी ने सभी को चित्रों के माध्यम से समझाते हुए कहा कि हम इतने अनमोल जीवन को नशे में बर्बाद ना करें, नशा नाश की जड़ है। सभी को नशे से होने वाले नुकसान एवं छोड़ने की विधि भी बताई दृ कुछ समय रोज ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यास करें, जिससे हमारी आंतरिक शक्तियों का विकास होता है और हम हर प्रकार के नशे से, बुराइयों से मुक्त हो जाते हैं। यदि नशा करना ही है तो हम अच्छी चीजों का करें। किसी की भलाई करने का नशा करें, गांव को सुधारने का नाश करें। आगे आपने कहा कि अगर हम हर रोज 100 रूपये नशे में नष्ट करते हैं तो 1 महीने में 3000 व्यर्थ हो जाते हैं, जो हमारे तन एवं परिवार की सभी समस्याओं का कारण बन जाता है। नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं परिवार, समाज और पूरे विश्व को क्षति पहुंचाता है इसलिए आज के दिवस पर सभी व्यसन छोड़ने के प्रतिज्ञा लें। सभी ने संकल्प पत्र भरकर व्यसन छोड़ने की प्रतिज्ञा की एवं पुनः गांव में आने का आग्रह किया। इस मौके पर कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ देवेंद्रनगर से जुड़े हुए भाई-बहन भी उपस्थित रहे।

# डायल-112/100 सेवा ने प्रसूता को उपचार के लिये अस्पताल पहुँचाया



**पन्ना।** जिला पन्ना के थाना गुन्नौर के अंतर्गत पुरेना गाँव में एक महिला को प्रसव पीड़ा हो रही थी। चिकित्सा वाहन व्यस्त होने से अस्पताल ले जाने के लिए कोई साधन नहीं मिल रहा था। इसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 27-06-2024 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल पन्ना जिले के गुन्नोर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 एफ.आर.व्ही. मे तैनात आर. विनत पांडे, पायलट पुष्पेंद्र नामदेव ने मौके पर पहुँच कर बताया की 23 वर्षीय महिला को असहनीय प्रसव पीड़ा हो रही थी। डायल-112/100 स्टाफ द्वारा मानवता का परिचय देते हुए महिला को परिजन के साथ शासकीय अस्पताल गुन्नोर पहुँचाया गया।

**विद्युत की समस्या से सिमरिया क्षेत्रवासियों को मिलेगी राहत-विधायक पवई**

# सिमरिया सब स्टेशन अंतर्गत 132/33केवी उप केंद्र का विधायक प्रहलाद लोधी ने किया शुभारंभ



**सिमरिया।** पवई विधायक पहलाद लोधी द्वारा किया गया शुभारंभ सिंगल क्लिक के माध्यम से चार स्टेशनों में वोल्टेज की समस्या बिजली जाने की समस्या से अब नहीं होना पड़ेगा किसानों को परेशान सिमरिया सब स्टेशन अंतर्गत 132/33 उपकेंद्र का शुभारंभ किया गया। पवई विधायक के अर्थक प्रयासों के बाद अडानी प्लांट चालू हो जाने से मोहन्द्रा, सिमरिया ,हरदुआ, सुनवानी क्षेत्र के लोगों को मिलेगा लाभ, पवई विधायक प्रहलाद लोधी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी किसानों की समस्याओं को लेकर निरंतर प्रयास कर रही है और आगे भी करती रहेगी। साथ ही विद्युत अभियंता ने बताया कि पहले पवई से लाइन सप्लाई होने से काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता था क्योंकि पवई सब स्टेशन से चारों सब स्टेशन लाइट पहुंचती थी कहीं भी फाल्ट लाइट हुई तो 50 किलोमीटर तक का सर्वे करवाना पड़ता था और नर्सरीयों में तार जाने से काफी विद्युत कर्मी को दिक्कत का सामना करना पड़ता था लेकिन अब यह प्लांट चालू होने से लाइट की समस्या में बहुत सुधार होगा और क्षेत्र के लोगों को फायदा मिलेगा।

## पन्ना नगर में दिखा प्रशासन का अमानवीय चेहरा

# मृतक को नगर निगम के कचरा वाहन से भेजा पीएम के लिए

***मृतक को नगर निगम के कचरा वाहन से भेजा पीएम के लिए***






**पन्ना।** नगर के धरमसागर तालाब में बीती शाम 2 नवयुवक आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने की घटना सामने आई है। जिनमें से 1 की दर्दनाक मौत और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया, इस घटना के बाद नगर पालिका की शर्मनाक करतूत सामने आई है। कचरा वाहन में शव को पोस्टमार्टम गृह पहुंचाया गया।
जानकारी के अनुसार राज वर्मा उम्र लगभग 20 वर्ष और रेहान खान उम्र लगभग 18 वर्ष दोनों निवासी गाड़ीखाना रानीगंज बीती शाम धरम सागर तालाब के किनारे टहल रहे थे, बारिश होने से दोनों नवयुवक पेड़ के नीचे खड़े हो गए तभी अचानक जोरदार गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी जिसकी चपेट में यह दोनों युवक आ गए, जिसमें राज वर्मा की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और रेहान खान गंभीर रूप से घायल होकर तड़प रहा था। लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, पुलिस के द्वारा मृतक का शव अस्पताल ले जाने के लिए नगर पालिका के अधिकारियों को फोन कर शव वाहन की मांग की गई, जिन्हें नगर पालिका के कर्मचारी वीरेंद्र चौरसिया से संपर्क करने की सलाह दी गई, वीरेंद्र चौरसिया से संपर्क करने पर शव वाहन के बजाय कचरा गाड़ी भेज दी गई और उसी कचरा गाड़ी में मृतक राज वर्मा का शव जिला अस्पताल पहुंचा कर परीक्षण उपरांत पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया। कचरा वाहन में शव ले जाने की शर्मनाक करतूत के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने पर लोगों के द्वारा नगर पालिका की घोर निंदा की जा रही है। लोगों के द्वारा यहां तक कहा जा रहा है कि नगर पालिका मृत व्यक्ति को भी सम्मान के साथ नहीं पहुंचा सकी और इस प्रकार कचरा वाहन में ले जाया गया। जबकि नगर पालिका के पास बाकायदा शव वाहन भी उपलब्ध है, इसके बावजूद इस प्रकार की शर्मनाक करतूत सामने आई है।

# पन्ना के थाना गुन्नोर के अंतर्गत रात्रि में परिजन की डांट से नाराज होकर घर से दूर पहुँच कर रास्ता भटकी बालिका को डायल-112/100 सेवा परिजन से मिलाया




**पन्ना।** जिला पन्ना के थाना गुन्नोर के अंतर्गत बस स्टैंड के पास एक बालिका मिली, जो घर का रास्ता भटक गई थी।एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा बालिका को अकेली भटकती हुई देखे जाए पर पुलिस सहायता के लिए इसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 27-06-2024 को दी गई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल पन्ना जिले के गुन्नौर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक विनस पांडे एवं पायलेट पुरुषोत्तम लखेरा ने मौके पर पहुँचकर बालिका को संरक्षण में लेकर बालिका से पूछताछ की, बालिका ने बेली गाँव में रहना बताया।डायल-112/100 स्टाफ बालिका को अपने साथ लेकर बेली गाँव पहुँचे और बालिका को परिजन के सुपुर्द किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बालिका परिजन की डांट से नाराज होकर घर से दूर पहुँच कर रास्ता भटक गयी थी। परिजन द्वारा डायल-112/100 सेवा

# पढ़ने की उम्र में बालिकाओं के ऊपर सिर गट्ठा लकड़ी का बोझ आखिर क्यों?



*विकास को लेकर जहां अंतिम छोर के व्यक्तियों को योजनाओं के माध्यम से सशक्त बनाने को लेकर सरकार की मंशा जो है वह कैसे जानी जाये जहां आज भी पढ़ने की उम्र में सिरगट्ठा लकड़ी के बोझ के तले बालिकाओं के हालात।*

पन्ना

महिला सशक्तिकरण हो या बालिका शिक्षा दोनों कहीं न कहीं प्राथमिकता को लेकर सरकार की सोच में शामिल है। पर वहीं अंतिम छोर के व्यक्तियों को विकास के लिए योजनाओ के माध्यम से प्राथमिकता पर लाभ दिलाने को लेकर कार्य किये जाते है। वहीं बदलाव जो आना चाहिए वह क्यों नहीं। दूसरी तरफ नजर डाले तो हालात सिरगठ्ठा लकड़ी के बोझ तले बालिकाओं को जहां पढ़ने की दिशा तय करना चाहिए वहीं लकड़ी बेचने के लिए मजबूर मानी जा रही है। आखिर कैसे बालिका शिक्षा को लेकर दिशा तय की जा रही है। या महिला सशक्तिकरण को लेकर जो प्रयास किये जा रहे है उसको लेकर क्या माना जाये। जहां इस तरह के हालात वास्तविकता में स्वयं ही देखने में नजर आते है। गरीबी के चलते आज भी अंतिम छोर के व्यक्तियों में यह दास्ता देखने को मिलती है जहां अपने परिवार के गुजारे के लिए पढ़ने की उम्र में बालिकायें लकड़ी का गठ्ठा लगभग सात किलोमीटर दूरी से जिला मुख्यालय पन्ना लेकर आती है। जहां लकड़ी बेंचकर अपने परिवार का सहारा बन रही है। जो अपनी उम्र के समय पढ़कर आगे स्वयं को सशक्त बनाना चाहिए वह कोसो दूर है। छाया चित्र ही बयां कर रहा है हालात।

**कार्यालय नगर परिषद पवई, जिला- पन्ना (म.प्र.)**

क्र./564/लो.नि.शा./इ-निविदा/2024 पवई दिनांक 27/06/2024

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय सूचना)**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीकृत प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा क्रय करने की तिथि व अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_354228_1 | Rejuvenation of Karhimor Talaiya under AMRUT 2.0 scheme at Pawai Distt Panna MP 1 | Time: 6 Months Pac: Rs. 29.58 Lakh | Tender From: 5000.00 Emd: 22186.00 | 28.06.2024 05:30 PM To 12.07.2024 05:30 pm |

नोट:- (1) निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से सामाचार पत्र में प्राकशन नहीं किया जायेगा। (2) निविदा से संबंधित शर्तो की जानकारी नगर परिषद पवई से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पवई, जिला- पन्ना (म.प्र.)

**खबर संक्षेप**

### सरपंचों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सम्पन्न



**छतरपुर।** छतरपुर जिले के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत नौगांव की समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों का ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित योजनाओं के संचालन के उद्देश्य से कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में उन्नमुखीकरण प्रशिक्षण आरआरटीडीसी प्रशिक्षण केन्द्र नौगांव में सम्पन्न हुआ। उक्त प्रशिक्षण में समस्त ग्राम पंचायतों में ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित योजनाओं के शासन मंशानुरूप संचालित कराए जाने के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तपस्या परिहार, अति.मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत चन्द्रसेन सिंह, वरिष्ठ लेखाधिकारी जिला पंचायत सुभाषिनी जैन, परियोजना अधिकारी मनरेगा जिला पंचायत दिनेश गुप्ता, जिला समन्वयक एसबीएम अल्का दुबे, सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत नारायणदास तिवारी एवं संकाय सदस्य लबली नायक उपस्थित रहीं।

### मारपीट की घटना की जांच कराएगी कांग्रेस

**छतरपुर।** पिछले दिनों छतरपुर से सामने आई युवक के साथ गंभीर मारपीट की घटना को संज्ञान में लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा इस घटना की जांच कराने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी उपाध्यक्ष राजीव सिंह ने जांच हेतु एक टीम का गठन किया है, जो जल्द ही अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी। श्री सिंह द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार 23 जून, 2024 को शहर के फूलादेवी मंदिर, बाईपास पर दलित युवक को निर्वस्त्र कर पीटे जाने की घटना की जांच हेतु प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है जिसमें पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी सागर, आलोक चतुर्वेदी पूर्व विधायक छतरपुर और प्रदीप अहिरवार अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग को शामिल गया है। उक्त समिति संयुक्त रूप से घटना स्थल और पीड़ित से भेंट कर अपनी संक्षिप्त रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करेगी।

**आजाद होने के बाद किशोर ने बताई चौंकाने वाली कहानी**

# मानव तस्करी से जुड़ा हो सकता है मामला, जांच में जुटी पुलिस

**छतरपुर।** जिले के हरपालपुर थाना क्षेत्र से एक हैरतंगेज मामला सामना आया है, जिसे मानव तस्करी से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल ईशानगर कस्बे का एक किशोर पिछले लगभग 20 दिनों से लापता था, जो बीते रोज हरपालपुर में किन्नरों के पास मिला। किशोर जब अपने परिजनों से मिला तो उसने पूरे मामले की चौंकाने वाली कहानी बताई, जिसके बाद परिजनों ने ईशानगर थाना में मामला दर्ज कराया है, पुलिस ने फिलहाल तीन लोगों पर मामला दर्ज किया है और मामले की बारीकी से जांच करने की बात कही है।

**यह है मामला -**

ईशानगर कस्बे के रहने वाले मामले के फरियादी ने बताया कि गत 6 जून की दोपहर करीब 3 बजे उसका 17 वर्षीय पुत्र घर से लापता हो गया था। बेटे की लापता होने की शिकायत ईशानगर थाने में किए जाने के बाद फरियादी लगातार अपने बेटे की तलाश कर रहा था। 20 दिन तक लापता रहने के बाद 26 जून को लापता किशोर ने अपने चाचा को फोन पर सूचना दी कि वह इस समय हरपालपुर में है। सूचना मिलते ही फरियादी अपने भाईयों को लेकर हरपालपुर पहुंचा, जहां उसे अपना पुत्र किन्नरों के पास मिला। परिजन किशोर को सकुशल अपने घर ईशानगर लेकर आए, जहां उसने परिजनों को घटना की पूरी कहानी बताई। किशोर ने बताया कि 6 जून को गांव का रमेश रैकवार उसे अपने साथ घुमाने और खाना खिलाने की बात कहकर छतरपुर ले गया था। ईशानगर बस स्टैंड से रामपुर निवासी धनीराम कुशवाहा भी उसके साथ गाड़ी पर बैठ गया और इसके बाद तीनों छतरपुर पहुंचे। छतरपुर पहुंचकर तीनों लोग रमेश के पुत्र मगन से मिले और इसके बाद तीनों ने कहा हरपालपुर में कुछ काम है, वहां




चलते हैं। यहां से चारों लोग हरपालपुर पहुंचे। पीड़ित किशोर के मुताबिक हरपालपुर में उक्त तीनों लोग उसे लाली किन्नर के पास ले गए और इसके बाद किशोर को लाली के हवाले करके वापिस लौट गए। पिछले 20 दिनों से वह यहीं पर था और अपने परिजनों से बात नहीं कर पा रहा था। बीते रोज किशोर को कहीं से मोबाइल मिल गया, जिसके बाद उसने अपना चाचा को फोन पर सूचना दी। पीड़ित किशोर ने बताया कि हरपालपुर में जिस स्थान पर उसे रखा गया था वहां पर उसके अलावा 4-5 अन्य लड़के भी थे, जिन्हें लगातार इंजेक्शन लगाए जा रहे थे और कुछ दवाएं खिलाई जा रहीं थीं, जिनसे शरीर में अनावश्यक बदलाव आने लगे थे। पीड़ित किशोर की बात सुनने के बाद परिजनों ने 27 जून को हरपालपुर थाना में मामले की शिकायत दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने किशोर को हरपालपुर छोडऩे वाले तीनों लोगों के विरुद्ध धारा 363 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरु की है।

**मानव तस्करी से जुड़ रहे मामले के तार**

सूत्रों की मानें तो यह मामला मानव तस्करी से जुड़ा हो सकता है। दरअसल ऐसी जानकारी मिली है कि हरपालपुर में रेलवे स्टेशन होने चलते यहां किन्नरों का एक दल रहता है, जो ट्रेन में सवार यात्रियों से वसूली करते हैं। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि यही दल नाबालिग लड़कों को दवा और इंजेक्शन देकर किन्नर बनाने का काम कर रहा है और बाद में इन बच्चों को देश के अलग-अलग स्थानों पर भेजकर इनसे वसूली का काम कराया जाता है। सूत्रों के मुताबिक इस पूरे मामले में कई और किरदार भी हैं, जिनके नाम अभी सामने आना बाकी हैं। वहीं पीड़ित किशोर के चाचा का कहना है कि अभी मामले में पुलिस ने संबंधित किन्नर का नाम शामिल नहीं किया है।

**इनका कहना है -**

जिले के ईशानगर कस्बे का रहने वाला किशोर हरपालपुर में मिला है। किशोर द्वारा दिए गए कथन और परिजनों की शिकायत पर तीन आरोपियों के विरुद्ध धारा 363 का मामला पंजीबद्ध कर मामले की जांच की जा रही है। अभी तक अलग-अलग तरह के तथ्य सामने आए हैं, जिनकी पुष्टि होना बाकी है। पुष्टी होने के बाद अन्य आरोपियों के नाम प्रकरण में शामिल कर कार्रवाई की जाएगी।
**अगम जैन, पुलिस अधीक्षक,**

# लगातार हो रहीं चोरी की घटनाएं, पुलिस खुलासा करने में असफल, फिर बाइक चोरी

**नौगांव।** नौगांव थाना क्षेत्र में बिगत कुछ महीनों से चोरी की घटनाओं में इजाफा देखने को मिल रहा है, बीते सप्ताह खुर्दा गांव में हुई 25 लाख से अधिक की चोरी की वारदात हो या फिर ईशानगर तिराहे से बाइक की डिग्गी तोड़कर किसान के ढाई लाख रूपए चोरी होने का मामला हो, ऐसे एक नहीं कई मामले हैं कुछ मामले तो दर्ज भी नही होते। पुलिस बिगत हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में सफल नही हो सकी जिसके चलते चोरों के हौसले बुलंद है और दिन प्रतिदिन चोरी की वारदात बढ़ती जा रही है, पुलिस भी जांच करने का बयान देकर किनारा कर रही है। शहर एवं थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें बढ़ने से चोरों के हौसले बुलंद है, चोर इतने शातिर हैं कि मौका मिलते ही चोरी की वारदात को अंजाम देने से नहीं चूक रहे। शहर के बंटा




सेठ चौराहे के पास रहने वाले अवनीश दुबे गुरुवार की सुबह सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने के लिए गए थे। कुछ देर बाद जब अवनीश दुबे सब्जी खरीदने के बाद वापिस लौटे तो देखा कि हीरो होंडा स्प्लेंडर बाइक क्रमांक एमपी 16 एमएम 7359 गायब मिली। अवनीश ने कुछ देर इंतजार किया की हो सकता है कि कोई जल्दबाजी में गलती से ले गया हो लेकिन सुबह से लेकर दोपहर के 2 बज गए लेकिन जब बाइक बापिश नहीं आई और नहीं मिली तो पीड़ित युवक ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस ने पीड़ित युवक से चोरी का आवेदन लेकर बाइक चोरों की तलाश शुरू कर दी है। बीते कुछ महीनों में हुई चोरी की वारदातों का पुलिस खुलासा करने में सफल नहीं हो सकी है, पुलिस मामले में जांच करने का कहकर किनारा काट रही है।

# 3 किलो गांजा के साथ पकड़े गए 2 गांजा तस्कर

**एक आरोपी पर पहले से दर्ज है हत्या के प्रयास का मामला**

**छतरपुर।** नौगांव पुलिस ने बीते रोज थाना क्षेत्र में दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है। बताया गया है कि पकड़े गए गांजा तस्करों में से एक के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मामला पहले से पंजीबद्ध है। नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि नगर के गर्रोली रोड पर गांजा तस्करों के होने की सूचना मिली थी, जो कि बाइक से गांजा लेकर जा रहे थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने उनका पीछा किया और घेराबंदी कर पकड़ लिया। युवकों के पास 3 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा मिला, जिसे जब्त किया गया और तस्करों से उनके नाम पूछे गए। तस्करों ने अपने नाम विपिन सेन निवासी तिंदनी तिगैला नौगांव और शिवम राय बजरंग कॉलोनी नौगांव बताए हैं। दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए तस्कर शिवम राय के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मामला पहले से दर्ज है। प्रकरण का एक और आरोपी है, जिसका नाम राकेश राजपूत निवासी सिल्वर सिटी कॉलोनी नौगांव है, उसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। उक्त कार्यवाही में




निरीक्षक सतीश सिंह थाना प्रभारी नौगांव, उनि नेहा सिंह गुर्जर, मनीष त्रिपाठी, रामराज सिंह, राजकुमार, आरक्षक जितेन्द्र अहिरवार, वीरेन्द्र बघेल, भूपेंद्र सिंह यादव, गजेन्द्र, राजकुमार, सौरभ तिवारी, नीलेशकांत, अरविंद राय की सराहनीय भूमिका रही।

### छापामार कार्यवाही कर पकड़ी 110 लीटर से अधिक अवैध शराब, दो महिलाएं गिरफ्तार

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद कुजूर एवं पुलिस टीम द्वारा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दो प्रथक प्रथक स्थान में कार्यवाही की गई। नई बस्ती टोरिया मोहल्ला में छात्रावास की दीवाल के पीछे नीलू उर्फ सल्ला खातून उम्र 30 साल निवासी महोबा हाल टोरिया मोहल्ला छतरपुर अवैध शराब से भरी दो बोरियों जिसमें एक में 160 क्वार्टर एवं दूसरी बोरी में 158 क्वार्टर सफेद देशी मदिरा लेंस लेमन कंपनी के पैक किए हुए थी कुल 318 क्वार्टर मात्रा 57 लीटर से अधिक जप्त की गई। वहीं टोरिया मोहल्ला में खाली प्लाट पानी के टंकी के नीचे तरन्नुम उर्फ मुन्नी खातून उम्र 35 साल निवासी टोरिया मोहल्ला दो सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरियों जिसमें एक बोरी में 150 क्वार्टर एवं दूसरी बोरी में 160 क्वार्टर सफेद देशी मदिरा प्लेन प्रिंस लेमन कंपनी की कल 310 क्वार्टर मात्रा 56 लीटर जप्त की गई।

### दोस्त के जन्मदिन पर पांच दोस्तों ने पीड़ितों को रक्तदान कर दिया अनोखा गिफ्ट



**छतरपुर।** बात जब दोस्ती की आती है तब यही एक ऐसा रिश्ता होता है जो हम स्वयं चुनते है, दोस्त हमारे सुख-दुख में बराबर के हिस्सेदार भी बनते हैं।रक्तवीर सेवा दल के अमित जैन ने बताया कि नगर के युवा मंच कलाकार अभिदीप सुहाने के जन्मदिन पर उनके साथियों ने भी पीड़ितों के लिए रक्तदान कर अनोखा उपहार अपने मित्र को दिया।अभिदीप ने रक्तदान करते हुए सन्देश दिया कि मैं हर बार अपने जन्मदिन पर रक्तदान करता आ रहा हूँ। इस बार जब मैने अपने जन्मदिन पर रक्तदान किया तो मुझे सरप्राइज देने के लिए मेरे मित्र अधिराज चतुर्वेदी, उज्ज्वल जैन, विजय कुशवाहा एवम अन्य दो मित्रो ने रक्तदान किया। सभी लोग जन्मदिन को अलग-अलग तरीके से मनाते हैं कभी किसी पीडित की मदद कर मनाए और जनहित में रक्तदान करते रहे।

**नगदी, लग्जरी कार, आधा दर्जन बाइक सहित 16 लाख की संपत्ति जब्त**

# हार-जीत के दांव लगा रहे आधा दर्जन से अधिक जुआरी पकड़े



**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गंज में चोरी छुपे जुए के फड़ संचालित होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक ने अपने स्तर पर एक टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिसके बाद टीम ने संबंधित स्थान पर दबिश देकर आधा दर्जन से अधिक जुआरियों को पकडऩे की कार्रवाई की है। जुआरियों के पास से पुलिस टीम ने नगदी, एक लग्जरी कार और आधा दर्जन बाइक सहित 16 लाख की संपत्ति जब्त की है। गौरतलब है कि इस कार्रवाई की सूचना बमीठा थाना पुलिस को नहीं दी गई थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीते रोज पुलिस अधीक्षक अगम जैन को बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गंज में जुए का फड़ संचालित होने की सूचना मिली थी और मुखबिर ने यह भी बताया था कि बमीठा पुलिस यहां कार्रवाई नहीं कर रही है, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने छतरपुर सीएसपी अमन मिश्रा के नेतृत्व में कोतवाली और ओरछा रोड थाना छतरपुर के पुलिस बल की संयुक्त टीम का गठन कर कार्रवाई के निर्देश दिए। उक्त टीम ने संबंधित स्थाल पर दबिश दी 7 जुआरी हार-जीत के दांव लगाते पकड़े गए। जुआरियों के पास से पुलिस टीम को 2 लाख रुपए नगद, एक अर्टिगा कार, 6 बाइक और ताश के 52 पत्ते मिले, जिन्हें जब्त कर लिया गया है। पकड़े गए जुआरियों ने अपने नाम मोहम्मद मंसूरी निवासी छतरपुर, हरि कुशवाहा निवासी छतरपुर , सोनू खान निवासी छतरपुर, सुनील असाटी निवासी खरगापुर जिला टीकमगढ़, सुनील चौरसिया निवासी देवगांव, तरुण तिवारी निवासी गंज थाना बमीठा, राजकुमार पटेल निवासी जिला पन्ना बताए हैं। सभी के विरुद्ध जुआ एक्ट का मामला पंजीबद्ध किया गया है और उन्हें न्यायालय में उपस्थित होने हेतु पाबंद किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद कुजूर, थाना प्रभारी ओरछा रोड उप निरीक्षक पुष्पेंद्र यादव, उपनिरीक्षक राहुल तिवारी, प्रधान आरक्षक संदीप तोमर, तरुण विश्वकर्मा, आरक्षक राजेश यादव, गुलाब खान, कपेन्द्र घोष एवं पुलिस टीम की मुख्य भूमिका रही।

# आदतन अपराधियों ने पकड़वाए जिले के 9 शातिर अपराधी



**दो दिन पहले मारपीट के मामले गिरफ्तार हुए थे आदतन अपराधी**

**छतरपुर।** बीते रोज छतरपुर शहर में वायरल हुए मारपीट के एक वीडियो को संज्ञान में लेकर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पकड़े गए आरोपियों में से दो आतदन अपराधी हैं, जिनसे पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दरअसल इन दोनों आदतन अपराधियों से मिली जानकारी से पुलिस ने जिले के 9 अन्य शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को जिला मुख्यालय के पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई की विस्तृत जानकारी मीडिया के साथ साझा की है। कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि दो दिन पूर्व तीन अपराधियों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का वीडियो वायरल हुआ था, जिसे संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपी देवा ठाकुर, अन्नू घोषी और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी देवा उर्फ देवेंद्र सिंह निवासी ग्राम अभऊ थाना प्रकाश बमोरी जिला छतरपुर पर अपहरण, हत्या का प्रयास, जुआ एक्ट, अवैध वसूली, मारपीट संबंधी 4 अपराध और अन्नू उर्फ अनिरुद्ध घोष निवासी घोसियाना मोहल्ला छतरपुर के विरुद्ध अपहरण, हत्या का प्रयास, अवैध वसूली, अवैध हथियार, मारपीट जैसे 7 अपराध पहले से दर्ज हैं। मारपीट के इस मामले में उनके के विरुद्ध हत्या के प्रयास, अपहरण सहित अन्य धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर पूछताछ की गई। पूछताछ में देवा ठाकुर और अन्नू घोषी से पुलिस को कई अन्य शातिर फरारा अपराधियों के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद इन अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया गया। उक्त टीम ने पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर 9 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार है, जिन पर जिले के अलग-अलग थानों में दर्जनों अपराध पंजीबद्ध हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

**अवैध हथियारों के साथ पकड़े गए यह शातिर अपराधी -**

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि जिन 9 अपराधियों को पकड़ा गया है उनमें पहला अपराधी सिराज उर्फ मिंटू उम्र 24 साल निवासी नारायणपुर है, जिसे 315 बोर के देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया है। सिराज के विरुद्ध 12 अपराध पहले से दर्ज हैं। दूसरा अपराधी आसिफ खान उर्फ कटे उम्र 27 साल निवासी अमानगंज मोहल्ला है, जिसे 315 बोर के देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया है। आसिफ के विरुद्ध 7 अपराध पहले से दर्ज हैं। इसी तरह सरफराज उर्फ लहसुन निवासी पलौठा रोड छतरपुर को 315 बोर के देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया है, उसके विरुद्ध पहले से 6 अपराध दर्ज हैं। गणेश लाल मिश्रा निवासी सारनी दरवाजा को 315 बोर के देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया है, उसके विरुद्ध 3 अपराध पूर्व से दर्ज हैं। अंकुर मिश्रा को 315 बोर के अवैध देशी तमंचा के साथ पकड़ा गया है। अंकुर मिश्रा आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध हत्या के प्रयास, लूट, मारपीट, गंभीर चोट विरुद्ध चोरी, मारपीट, अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार सहित कुल 24 अपराध छतरपुर, पन्ना और दमोह जिले में दर्ज हैं। इसके अलावा गौरिहार थाना क्षेत्र के ग्राम कितपुरा निवासी सुनील प्रजापति को 12 बोर के देशी तमंचा के साथ पकड़ा गया है। गोलू विश्वकर्मा उर्फ नरेंद्र निवासी कर्री थाना सिविल लाइन को 315 बोर के कट्टा के साथ पकड़ा गया है। पप्पू गुप्ता उर्फ धर्मेंद्र गुप्ता निवासी सटई रोड को छुरा के साथ पकड़ा गया है और संतोष कुशवाहा निवासी सिंचाई कॉलोनी के पास से एक चाकू जप्त किया गया, संतोष के विरुद्ध 3 अपराध पूर्व से दर्ज हैं।

# नौगांव नपा ने एक महिला के 2 मृत्यु प्रमाण किए जारी

**कार्रवाई के लिए भोपाल से आई लोकायुक्त टीम से मची रही हलचल, सीएमओ के बयान किए दर्ज**

**नौगांव।** नौगांव नगर पालिका में चल रही अनियमितता की शिकायत के मामले में कारवाई के लिए भोपाल से आई लोकायुक्त टीम से हलचल मच गई। लोकायुक्त टीम के आने की सूचना पर सीएमओ से लेकर अधिकारी एवं कर्मचारी तक दहशत में आ गए। शिकायत का कारण पता न होने के चलते अधिकांश कर्मचारी ऑफिस से गायब हो गए तो वहीं सीएमओ नीतू सिंह भी ऑफिस से गायब रहीं। जिस पर लोकायुक्त टीम ने कार्रवाई के लिए एक पत्र पुलिस को दिया, पुलिस की सूचना के बाद सीएमओ ने लोकायुक्त टीम के समक्ष अपने बयान दर्ज कराए। लोकायुक्त टीम ने बयान दर्ज होने पर जांच पूरी होने के बाद ही कार्रवाई करने की बात कही है।

नौगांव नगर पालिका में इन दिनों भ्रष्टाचार चरम पर चल रहा है, पैसों के बदले नपा के अधिकारी किसी को भी मृत और किसी को भी जिंदा कर सकते हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है शहर के वार्ड नम्बर 06 का। जहां पर रहने वाली वृद्ध इमरती देवी नाम की महिला की विगत 11 मार्च 2024 को मृत्यु हो गई थी। नगर पालिका के भ्रष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिलीभगत से इमरती देवी सोनी महिला के एक नहीं दो दो मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिए। जिसमें पहले मृत्यु प्रमाण पत्र में नपा के अधिकारियों ने मृत्यु 11 मार्च होना बताई, जबकि दूसरे मृत्यु प्रमाण पत्र में इन्ही नगर पालिका के अधिकारियों ने इसी महिला को फिर से मृत बताते हुए 12 मार्च की दिनांक का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया। इतना ही नहीं दोनों मृत्यु प्रमाण पत्र किसी दूसरे अधिकारी एवं कर्मचारी ने जारी नहीं किए बल्कि जिसने पहला प्रमाण पत्र बनाया उसी अधिकारी एवं कर्मचारी के द्वारा दूसरा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया। इससे सिद्ध होता है मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी ने भौतिक सत्यापन, पंचनामा आदि की कार्रवाई नहीं कि और पैसों के बल पर ऑफिस में बैठे बैठे अपनी रिपोर्ट लगाकर एक महिला को दो बार बार मृत बताकर 11 एवं 12 मार्च में दो दो मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिए।

**एक महिला के दो दो मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने पर लोकायुक्त में हुई शिकायत -**

जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 06 में रहने वाली इमरती देवी की 11 मार्च 2024 को मृत्यु हो गई थी। इमरती देवी की चार पुत्रियां हैं उनके एक भी बेटे नहीं हैं। बेटा न होने के चलते इमरती देवी सोनी की एक बेटी ने मां का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नगर पालिका में आवेदन कर दिया। तो वहीं अन्य दूसरी बेटी ने 12 मार्च को मां की मृत्यु होना बताते हुए नगर पालिका में मृत्य प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर दिया। नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों आवेदनों में मृतक का नाम , जाति , उम्र, पता, आदि सब चीजें समानांतर होने के बावजूद दोनों आवेदनों को क्रॉस चेक नहीं किया इतना ही नहीं दोनों आवेदनों में मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने से पहले मृतक के घर पहुंचकर भौतिक सत्यापन नहीं किया और सुविधा शुल्क लेकर इमरती देवी सोनी नाम की महिला के दो दो मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिए। जिसके बाद जब परिवार में दो दो मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने की बात सामने आई तो उमाशंकर , शिवम स्वर्णकार ने भोपाल लोकायुक्त सहित अन्य जगहों पर मामले की शिकायत कर दी। मामला बढ़ता देख नगर पालिका के अधिकारियों ने दबाव बनाकर एक आवेदक से स्टांप पेपर पर त्रुटि एवं भूलवश कारण लिखवाकर दूसरा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया। लेकिन मामला लोकायुक्त एवं अन्य उच्च विभागों में शिकायत होने के चलते मामला अब पेंडिंग है।

**भोपाल से पहुंची लोकायुक्त, मची हलचल, मुश्किल में हुए सीएमओ के बयान -**

बुधवार को भोपाल से लोकायुक्त की टीम मामले की जांच के लिए नगर पालिका पहुंची। लेकिन टीम के आने की सूचना अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लग गई। जिसके चलते सीएमओ नीतू सिंह सहित जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी फील्ड में होने का कहकर भाग गए। जिसके बाद लोकायुक्त की टीम दोपहर से लेकर शाम तक नगर पालिका, सर्किट हाउस, पुलिस थाना, तहसील आदि स्थानों पर बैठी रही। लेकिन नपा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का कुछ पता नहीं लगा तो लोकायुक्त की टीम ने मामले में कार्रवाई करने एवं जांच में सहयोग के लिए एक पत्र पुलिस थाना प्रभारी को दिया। पुलिस थाना प्रभारी ने तुरंत ही मामले की जांच के लिए नगर पालिका के जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के रजिस्ट्रार के नाम पर नोटिस काट कर नगर पालिका भेज दिया। इसके बाद सीएमओ नीतू सिंह ने पुलिस थाना पहुंचकर लोकायुक्त को बयान दर्ज कराए। लोकायुक्त टीम ने सीएमओ नीतू सिंह के बयान दर्ज करने के बाद मामले की जांच पूरी होने के बाद कार्रवाई करने की बात कही है, तो वहीं इस पूरे मामले में नगर पालिका सीएमओ नीतू सिंह से बात की गई तो उन्होंने इस मामले में कुछ भी टिप्पणी करने से इंकार कर दिया।

## नियमित सुनवाई कर तीन माह से एक साल तक के सभी राजस्व प्रकरण निराकृत करें - कलेक्टर

# सभी एसडीएम गौशालाओं के संचालन की कड़ी निगरानी रखें: कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व कार्यों की तहसीलवार समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी अब इलेक्शन मोड से बाहर आकर अपने मूल कार्य पर ध्यान दें। राजस्व प्रकरणों की नियमित सुनवाई करके तीन माह से एक साल तक के लंबित सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण कराएं। सभी राजस्व प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। निरीक्षण के दौरान यदि एक भी प्रकरण पोर्टल में दर्ज नहीं पाया गया तो कड़ी कार्यवाही होगी। फसल की बोनी से पहले अभियान चलाकर सीमांकन के लंबित प्रकरण निराकृत करें। सभी निराकृत प्रकरण पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। राजस्व प्रकरणों के निराकरण में आरसीएमएस पोर्टल में निर्धारित समय सीमा का अनिवार्य रूप से पालन करें। तय समय सीमा के बाद प्रकरण लंबित रहने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सभी एसडीएम नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करके कानून और व्यवस्था की निगरानी करें। साथ ही उचित मूल्य दुकानों, स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र, अस्पताल तथा अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन दें।

कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र की गौशालाओं का शत-प्रतिशत संचालन कराकर उनमें क्षमता के अनुसार गौवंशों को रखने की व्यवस्था करें। गौशालाओं के संचालन की हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के



निराकरण तथा राजस्व प्रकरणों में वांछित रिपोर्ट दर्ज कराना भी सुनिश्चित करें। पीएम किसान सम्मान निधि के हर पात्र किसान के आवेदन की कमी दूर कराकर उन्हें योजना से लाभान्वित कराएं। इस योजना के लंबित आवेदन सात दिवस में अनिवार्य रूप से निराकृत करें। स्वामित्व योजना में जिन गांवों में ड्रोन सर्वे किया जा चुका है। उनके नक्शों की ग्राउण्ड ट्रुथिंग करके प्रकरणों का अंतिम रूप से निराकरण कर पात्र व्यक्तियों को भू अधिकार पत्रों का वितरण कराएं। प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख इसके लंबित प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा करें। साथ ही साइबर तहसील के संबंध में सभी तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों को प्रशिक्षण दें। डिजिटल क्राप सर्वे के लिए हर गांव में सर्वेयर का पंजीयन करा दें। इनके द्वारा ही खसरेवार फसल की जानकारी पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। डायवर्सन तथा भू राजस्व की तत्परता से वसूली करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि अविवादित नामांतरण, बंटवारा तथा सीमांकन के केस प्राथमिकता से निराकृत करें। लोक सेवा गारंटी योजना के तहत दर्ज राजस्व प्रकरणों का भी तय समय सीमा में निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में लंबित सीमांकन, निर्वाचन तथा सामान्य प्रशासन की शिकायतों का भी प्राथमिकता से निराकरण करें। अधिक वर्षा की स्थिति में रीवा शहर की निचली बस्तियों तथा त्योंथर क्षेत्र में लगभग सौ गांवों में बाढ़ का खतरा हो जाता है। बाढ़ से राहत और बचाव कार्यों की अभी से तैयारी कर लें। इससे संबंधित उपकरणों जैसे नाव, जेसीबी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों के राहत प्रकरण तत्काल दर्ज कर उसकी प्रतिदिन रिपोर्ट दें। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने लंबित न्यायालयीन प्रकरणों, ऑडिट कंडिकाओं के निराकरण, अतिक्रमण हटाने, तालाबों से अवैध कब्जा हटाने तथा भू अर्जन प्रकरणों के निराकरण की जानकारी दी। बैठक में लोकसभा निर्वाचन में 75 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने वाले चार बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर श्रेयश गोखले, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### थाना लौर पुलिस द्वारा 24 घंटे में नाबालिग लड़की को किया दस्तयाब

**मऊगंज।** जिले के थाना लौर क्षेत्र से गुमशुदा किशोरी को 24 घण्टे के भीतर दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया। एक नाबालिक 15 वर्षीय लड़की घर से बिना बताए कहीं गुम हो जाने की सूचना दर्ज होने पर, सूचना पर गुम इंसान एवं धारा 363 ता.हि. के तहत अपराध का पँजीयन कर गुमशुदा बालिका की सरगर्मी से पता तलाश करते हुए दिनाँक 26.06.24 को दस्तयाब किया गया, जिससे महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पूँछताँछ कर कथन लेख किए गए एवं माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर धारा 164 जा.फौ. के तहत कथन कराए गए, पूँछताँछ उपरांत किसी प्रकार की आपराधिक घटना घटित नहीं होना पाए जाने पर दस्तयाबशुदा बालिका को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाओं की मौत एक घायल

**मऊगंज।** जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले करह गांव में गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो महिलाओं सहित तीन घायल हो गए।जिनमें से दो घायलों को मऊगंज सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया है। वही एक घायल महिला का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में चल रहा है जिसकी हालत सामान्य बताई गई है।

### सबके लिये समान न्याय के संबंध में जागरूक करने के निर्देश

**रीवा।** आगामी एक जुलाई 2024 से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 प्रभावशील हो जायेगी। अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी श्रीमती सपना त्रिपाठी ने समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद व तहसीलदार को निर्देश दिये हैं कि उक्त कानून के संबंध में आमजन को जागरूक करने तथा अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु तहसील, ब्लाक एवं अनुभाग स्तर के सभी कर्मचारियों की संबंधित थानों में उपस्थित कराकर नये कानून के विषय में जाने तथा अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें।

### लोकसभा निर्वाचन के अभ्यर्थियों की लेखा समाधान बैठक आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत रीवा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 के सभी अभ्यर्थियों की व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में लेखा समाधान बैठक 29 जून को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रातः 10 बजे से आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने समस्त अभ्यर्थियों से अपेक्षा की है कि बैठक में अपनी उपिस्थिति सुनिश्चित करें तथा 3 जुलाई तक अपना निर्वाचन व्यय लेखा अनिवार्यतः प्रस्तुत करें। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन परिणाम घोषित होने के 30वें दिन तक अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय लेखा जमा किया जाना अनिवार्य है।

### निःशुल्क महिला कैंसर शिविर आज, उप मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**रीवा।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी तथा नेशनल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क महिला कैंसर शिविर आज 29 जून को शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अपरान्ह 2 बजे से आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, चेयरमैन रेडक्रास तथा अध्यक्ष के तौर पर प्राचार्य जीडीसी डॉ. विभा पटेल उपस्थित रहेंगे।

### राष्ट्रीय न्यास लोकल लेवल कमेटी की बैठक 3 जुलाई को

**रीवा।** कलेक्टर एवं चेयर पर्सन श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय न्यास लोकल लेवल कमेटी की बैठक 3 जुलाई को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गयी है। समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

## मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटिटव्स यूनियन ने सौंपा मांगों का ज्ञापन



**रीवा।** मध्य प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेटिटब्स यूनियन रीवा इकाई द्वारा प्रदेश में कार्यरत दवा व विक्री संवर्धन कर्मचारियों की लंबित मांगे के सम्बन्ध में 4 सूत्रीय मांगों को लेकर सिरमौर चौराहा से एक रैली के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर रीवा को प्रदेश के मुख्यमंत्री, के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौपा। रैली का नेतृत्व सहायक सचिव गौरव रणदेव, कोषाध्यक्ष संजय तिवारी, सहायक सचिव अशोक मिश्रा, अवनीश शुक्ला, आशीष अग्निहोत्री, हर्ष चौरसिया ने किया। ज्ञापन मे मांग की गई है कि मध्य प्रदेश राज्य में कार्यरत दवा एवं बिक्री संवर्धन कर्मचारियों हेतु 8 घंटे की कार्य समयावली घोषित करते हुए उसे लागू किया जाए, श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन सलाहकार परिषद की बैठक बुलाई जाय, बगैर विधानसभा चुनाव के पूर्व न्यूनतम वेतन का पुनर्निर्धारण करते हुए राज्य में कार्यरत दवा एवं बिक्री संवर्धन कर्मचारियों को अतिकुशल की श्रेणी में रखते हुए न्यूनतम वेतन 16,144 एवं डीए रु.1700 का निर्धारण किया गया था एवं राज्य सरकार द्वारा 12 मार्च 2023 को इसकी घोषणा भी कर दी गई है। मांग की गई है कि दवा एवं बिक्री संबर्धन कर्मचारियों हेतु न्यूनतम 26000/- का न्यूनतम वेतन का निर्धारण किया जाए। केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा देश की सभी राज्य सरकारों को निर्देशित किया गया था कि वह अपने राज्य में औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 2 (एस) में पश्चिम बंगाल पैटर्न में बदउलाव करते हुए सभी दवा बिक्री संवर्धन कर्मचारियों को ''कर्मकार'' की परिभाषा में समायोजित किया जाय। राज्य सरकार से मांग की गई है कि सेल्स प्रमोशन एम्पलाइज कंडीशन ऑफ सर्विसेज एक्ट 1976 तथा दवा एवं बिक्री संवर्धन कर्मचारियों पर लागू अन्य सभी श्रम कानूनों का कड़ाई से कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाय।

## केन्द्रीय जेल में वृहद पौधरोपण एवं विधिक साक्षरता सम्पन्न

**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में 5 जून से 15 अगस्त तक संचालित होने वाले पंच-ज-अभियान अन्तर्गत केन्द्रीय जेल में वृहद वृक्षारोपण किया गया साथ ही विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन हुआ। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दिलीप सिंह जिला न्यायाधीश, पन्ना नागेश जिला रजिस्ट्रार, अभय कुमार मिश्रा जिला विधिक सहायता अधिकारी, आनंद पाण्डेय डिप्टी चीफ लीगल एड. डिफ्रेस काउसेंल, श्रीमती आरती तिवारी तथा अनीश पाण्डेय, सतीश उपाध्याय, अधीक्षक केन्द्रीय जेल, संजीव गेंदले उप अधीक्षक, योगेन्द्र पवार उप अधीक्षक, भीम सिंह बघेल एवं विधि छात्र-छात्रायें एवं बंदीगण द्वारा बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया गया।




## नशीली दवाओं के अवैध भण्डारण एवं विक्री को रोकने की कारगर कार्यवाही करें

# शैक्षणिक संस्थाओं के 100 गज के दायरे में आने वाली तम्बाकू गुटके की दुकानों को हटाने की कार्यवाही करें

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में गत दिवस नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि शैक्षणिक संस्थाओं के 100 गज के दायरे में आने वाली दूकानों, गोमतियों सहित स्थाई व अस्थाई तम्बाकू विक्री केन्द्रों को पुलिस विभाग के समन्वय से नगर निगम के अधिकारी हटाने की कार्यवाही करें। उन्होंने जिले में कोरेक्स के अवैध भण्डारण एवं विक्री को रोकने के लिये दूकानों में दबिश देकर कारगर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये।

### नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम के संबंध में दिये गये निर्देश

बैठक में जिले में अफीम की खेती से प्रभावित क्षेत्र में वैकल्पिक विकास कार्यक्रम लागू किये जाने के संबंध में चर्चा की गई तथा कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे क्षेत्रों की निगरानी कर संबंधित खाताधारकों को नोटिस देकर कार्यवाही करें। नशामुक्ति एवं पुर्नवास केन्द्रों का सतत निरीक्षण कर सामाजिक संगठनों के समन्वय से नशामुक्ति केन्द्र में 40 वेड तथा संजय गांधी चिकित्सालय में 15 वेड की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश बैठक में दिये गये। जिले की मदिरा दूकानों को समय पर संचालित कराना सुनिश्चित कराने हेतु आबकारी विभाग को निर्देशित किया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने राजस्व अधिकारियों को संवेदनशील एवं संदेहास्पद स्थानों की सूची तैयार कर नशे के अवैध व्यापार में संलिप्त जनों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान व नशे से लोगों को दूर रखने हेतु जागरूक किये जाने तथा इस कार्य में सामाजिक संगठनों से सहयोग लेने की अपेक्षा की गई। नशामुक्त के विरूद्ध जन आंदोलन तैयार करने हेतु सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा नशा छोड़ चुके व्यक्तियों के वीडियो संदेश सोशल मीडिया में प्रसारित किये जाने के निर्देश भी बैठक में दिये गये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, डीएफओ अनुपम शर्मा, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### म.प्र.की सरकार कर्ज का ब्याज चुकाने ले रही है कर्जः ए.आई.एफ.बी.



**रीवा।** ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्य प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने कहा कि मध्य प्रदेश की मोहन यादव की सरकार को कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए भी कर्ज लेना पड़ता है जो म.प्र.सरकार की गलत आर्थिक नीतियों और अपरिपक्व निर्णयों को देन है। कल्चुरी ने सीएम मोहन यादव से मांग किया है कि म.प्र.सरकार को कर्जमुक्त प्रदेश बनाने की दिशा में पहल करें। उन्होने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये 88450 करोड़ रुपये कर्ज लेने जा रही है। इसके पूर्व म.प्र. पर 3.50 लाख करोड़ से अधिक का कर्ज है। कर्ज में डूबी मध्य प्रदेश सरकार की हालत यह हो चुकी है कि अब इन्हे कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए भी कर्ज लेना पड़ता है जो म.प्र.सरकार की आर्थिक गलत नीतियों का परिणाम है।

## जन अभियान परिषद समाज व शासन के मध्य महत्वपूर्ण कड़ी: निदेशक डॉ. पाण्डेय






**रीवा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ धीरेंद्र पांडे की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कार्यपालन निदेशक डॉ धीरेंद्र पांडे द्वारा संभाग में चल रहे परिषद के सभी योजनाओं की प्रगति के संबंध में प्रसन्नता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार जिले में चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की सराहना की गई। उन्होंने कहा की जन अभियान परिषद शासन और समाज के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। सभी परिषद से जुड़े स्वयंसेवी कार्यकर्ता भविष्य में भी सभी सामाजिक विषयों से लगातार जुड़कर समाज सेवा के इस प्रकल्प में अपना मूल्यवान योगदान करते रहे जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाएं सुलभता से पहुंच सके। मूल्यवान सहयोग से गांव में जो खुशहाली निर्मित होती है या किसी के जीवन में थोड़ा भी परिवर्तन आता है वह कहीं ना कहीं हम सभी को आत्मिक सुख की अनुभूति कराता है। डॉक्टर पांडे ने सभी कार्यकर्ताओं एवं अधिकारियों से कहा कि हमें कड़ी मेहनत, लगन, निष्ठा, पारदर्शिता और चरित्रवान होकर काम करने की जरूरत है जिससे आने वाले समय में परिषद को उन ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके जिन ऊंचाई पर राज्य शासन हमसे अपेक्षा रखता है। संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक द्वारा समीक्षा बैठक की रूपरेखा पर प्रकाश डाला गया। संभागान्तर्गत जिलों से आए जिला समन्वयकों द्वारा अपने जिले का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से किए जा रहे सामुदायिक कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुतीकरण के उपरांत सभी विकासखंड के विकासखंड समन्वयकों द्वारा उत्कृष्ट कार्यो के अनुभव कथन कार्यपालक निदेशक के समक्ष प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में जिला समन्वयक सीधी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया तथा बैठक का संचालन जिला समन्वयक सतना डॉ. राजेश तिवारी द्वारा किया गया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने चार बीएलओ को किया सम्मानित

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने चार बीएलओ को सम्मानित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव में 75 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने वाले चार बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयश गोखले ने बताया कि त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ श्री जगदीश प्रसाद मिश्रा के मतदान केन्द्र क्रमांक 16 फुलदेउर में 77.19 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह मऊगंज विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ पंचराज सिंह के मतदान केन्द्र क्रमांक 244 महदेवा में 81.45 प्रतिशत मतदान हुआ। रीवा विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ आयुष कुमार पाण्डेय के मतदान केन्द्र क्रमांक 165 में 75.47 प्रतिशत तथा बीएलओ अमित कुमार गौतम के मतदान केन्द्र क्रमांक 134 में 75 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करके 75 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने पर बीएलओ को सम्मानित किया गया है।



# मऊगंज पुलिस ने चोरी करने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**मऊगंज।** फरियादी रामाश्रय पांडे पिता स्वर्गीय गोविंद प्रसाद पांडे उम्र 77 वर्ष निवासी पन्नी सलैया थाना मऊगंज जिला मऊगंज थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट लिखवाई थी। जिसमें वह अपने लड़के के साथ जो कि इलाहाबाद में रहता है। घर बनाने हेतु मऊगंज के इंडियन बैंक से 50000 रूपये निकाल कर पुराने कच्चे घर में अटैची में रख दिए थे। बाद में नवनिर्मित मकान में सोने चला गया था। दिनांक 15- 6-2024 के सुबह 4:00 बजे देखा तो कच्चे घर का दरवाजा खुला हुआ था एवं अंदर जाकर देखा तो अटैची कटी हुई थी। जिसमें रखे 50000 रुपये नहीं थे। मुझे शक है कि कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। रिपोर्ट करता के रिपोर्ट पर थाना मऊगंज ने अपराध क्रमांक 370 / 24 धारा 457, 380ताहि. के तहत कायम कर विवेचना में लिया। पुलिस ने दिनांक 27- 6-2024 को मुखबिर की सूचना पर दो आरोपी सुशील केवट पिता हर विलास केवट निवासी जेल रोड मऊगंज एवं दूसरा धीरज उर्फ धीरू तिवारी निवासी घुरेहटा मऊगंज को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए हुए 4000 रूपये जप्त कर माननीय न्यायालय में पेश किया। जहां से जमानत न मिलने पर उक्त आरोपियों को जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अनिल काकडे सहायक, उप निरीक्षक सत्येंद्र सिंह, आरक्षक रामकुमार,भास्कर प्रसाद, विकास पांडे, राजेंद्र सिंह, अवनीश पांडे, विवेक यादव की सराहनीय भूमिका रही।